

शोध छात्र को सम्मानित करती राज्यपाल।

## गुरुकुल काँगड़ी विवि के शोध छात्र को राज्यपाल ने किया समानित

**संवाददाता** हरिद्वार। गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय के सूक्ष्म जैवकीय विभाग में शोध कार्य कर रहे शोध छात्र रामवीर सिंह को उत्तराखंड की राज्यपाल बेबी रानी मौर्य ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित सम्मानित किया। यूकोस्ट परिसर विज्ञान धाम में क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र देहरादून में मास्टर प्रकाशन प्रक्रिया पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई।

राज्यपाल बेबी रानी मौर्य ने अध्यक्षता करते हुये अपने संबोधन में, उन्होंने विद्वानों के प्रकाशन, सहकर्मी समीक्षा, नैतिकता और साहित्यिक चोरी, विज्ञान संचार और करियर के अवसरों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए शुरुआती करियर शोधकर्ताओं के लिए कौशल बढ़ाने वाली कार्यशाला के आयोजन के लिए आयोजकों एसीएस, डीएसटी, विज्ञान प्रसार और यूकोस्ट के प्रयासों की सराहना की। मुख्य अतिथि डॉ राजेंद्र डोभाल ने कहा कि शोधकर्ता ज्ञान सृजन की रीढ़ हैं जो समाज के समग्र विकास की नींव रखता है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि उन्हें अपने शोध के बौद्धिक संपदा अधिकारों (आईपीआर) के मुद्दों पर भी ध्यान देना चाहिए।



Page Three

Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment, Property, Business Opportunity, Vehicles, Announcements, Antiques & Collectables, Barter, Books, Computers, Domain Names, Education, Miscellaneous, Entertainment & Event, Hobbies & Interests, Services, Jewellery & Watches, Music, Obituary, Pets & Animals, Retail, Sales & Bargains, Health & Sports, Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# पिथौरागढ़ विस सीट पर हुए उपचुनाव में फिर से कमल खिला

**उपचुनाव**

## तीसरे नंबर नोटा रहा, नोटा में 844 मत पड़े

**संवाददाता**

पिथौरागढ़। वित्त मंत्री प्रकाश पंत के निधन से रिक्त हुई पिथौरागढ़ विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में फिर से कमल खिला है। स्व. प्रकाश पंत की पत्नी चंद्रा पंत ने कांग्रेस प्रत्याशी अंजू लुंठी को 3267 मतों से पराजित किया। चंद्रा पंत को 26086 मत को कांग्रेस की अंजू को 22819 मत मिले। चंद्रा पंत की जीत से भाजपा में खुशी व्याप्त है। तीसरे नंबर नोटा रहा। नोटा में 844 मत पड़े।

25 नंवबर को हुए मतदान की मतगणना गुरु वार सुबह एलएसएम पीजी कालेज में भारी सुरक्षा के बीच हुई। पहले चक्र की गणना में भाजपा और कांग्रेस के मध्य मात्र 88 मतों का अंतर रहा। अगले चक्र में भी भाजपा और कांग्रेस के बीच कांटे की टक्कर नजर आती रही। भाजपा की सहानुभूति को लेकर एकतरफा जीत का दावा ध्वस्त हो गया। पांच चक्रों तक बाजी कभी भी किसी के पक्ष में जाती नजर आई। पांचवें चक्र के बाद भाजपा ने एक हजार से अधिक मतों की लीड ली तब जाकर भाजपा का पलड़ा भारी होने लगा। पांचवें राउंड में भाजपा को 12048 मत तो कांग्रेस को 11751 मत मिले थे। छठे राउंड में भाजपा 16237 तो कांग्रेस 14791 मत पर थी। आठवें चक्र में भाजपा 1877 मतों से आगे हो गई। नवें चक्र में भाजपा ने 2583 मतों की बढ़त बना ली। इसके बाद मात्र दो चक्रों की गिनती शेष रहने पर भाजपा को अपनी जीत सुनिश्चित लगने लगी। दसवें चक्र में भाजपा को बढ़त मिलने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने मतगणना स्थल से बाहर जश्न मनाया।



जीत के बाद जश्न मानाते हुए भाजपा के कार्यकर्ता।

मतगणना के दौरान नगर के विण बूथ की ईवीएम मशीन खराब होने के कारण मतगणना का कार्य प्रभावित रहा। 95 नंबर के विण के बूथ पर 602 मतदाताओं ने मतदान किया था। बाद में मशीन खुलने के बाद दो सौ मतों का अंतर आया। ईवीएम में पड़े मतों में भाजपा की चंद्रा पंत को 25646 मत और कांग्रेस की अंजू लुंठी को 22298 मत पड़े थे। पोस्टल बैलेट में भाजपा को 255 और कांग्रेस को 116 मत पड़े थे। पोस्टल मत मिलाकर भाजपा की चंद्रा पंत को 26086 और कांग्रेस की अंजू लुंठी को 22819 मत मिले। चंद्रा पंत को विजयी घोषित किया गया।

घोषणा के बाद निर्वाचन अधिकारी तुषार सैनी ने जीत का प्रमाण पत्र चंद्रा पंत को प्रदान किया। जीत के बाद भाजपा ने विजयी जुलूस निकाला। विजयी प्रत्याशी चंद्रा पंत ने अपनी जीत पर पिथौरागढ़ की जनता का आभार जताया।

## न्यूज डायरी

### जीआईसी धौपड़धार में अध्यापक न होने से पढ़ाई ठप

**(संवाददाता)** टिहरी। जिले की भिलंगना ब्लाक के जीआईसी धौपड़धार में प्रवक्ता व एलटी संवर्ग में कई अध्यापकों के पद खाली होने के कारण पठन–पाठन बुरी तरह से बाधित है। जिसे लेकर एनएसयूआई देहरादून के जिला उपाध्यक्ष नित्यानंद कोठियाल ने भिलंगना के बीईओ को पत्र सौंपकर तत्काल इन पदों को भरने की मांग की है। बीते जुलाई में अध्यापकों की कमी को लेकर शिक्षा निदेशालय में भी पत्र सौंपा गया था। जिस पर उच्चाधिकारियों ने आज तक कोई कार्यवाही नहीं की है। बीईओ को सौंपे पत्र में कोठियाल ने अवगत कराया है कि वर्तमान में 520 छात्र संख्या वाले इस कालेज में 2009 से प्रवक्ता रसायन, 2013 से प्रवक्ता हिंदी, 2014 से प्रवक्ता अंग्रेजी, 2017 से प्रवक्ता अर्थशास्त्र, एलटी में 2017 से भाषा, 2019 से जीव विज्ञान व राजनैतिक विज्ञान के अध्यापकों के पद खाली पड़े हैं।

### सीडीओ ने सघन मिशन इन्द्रधनुष अभियान कोर कमेटी की बैठक ली

**संवाददाता** हरिद्वार। मुख्य विकास अधिकारी हरिद्वार विनीत तोमर की अध्यक्षता में विकास भवन रोशनाबाद में सघन मिशन इन्द्रधनुष अभियान की कोर कमेटी की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी हरिद्वार डा0 सरोज नैथानी द्वारा अवगत कराया गया कि भारत सरकार के निर्देशानुसार सघन मिशन इन्द्रधनुष 2.0 देश के उन चिन्हित राज्यों एवं जनपदों में संचालित किया गया है जहाँ पर पूर्ण टीकाकरण से अधिकांश बच्चे छूटे हुये हैं। उत्तराखण्ड राज्य के 10 जनपदों में हरिद्वार जनपद भी इस अभियान में सम्मिलित किया गया है।

### भेल में दो दिवसीय ग्राहक सम्मेलन का हुआ आयोजन

**संवाददाता** हरिद्वार। अपने ग्राहकों के साथ और अधिक बेहतर सामंजस्य स्थापित करने के उद्देश्य से बीएच ईएल हरिद्वार में दो दिवसीय ग्राहक सम्मेलन का आयोजन किया गया। ऑपरेशन एवं मेंटिनेंस तथा टरबाइन और जनरेटर में आये किसी तकनीकी दोष को कार्यस्थल पर ही दूर करना, इस सम्मेलन का मुख्य विषय था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एनटीपीसी तथा सेल के संयुक्त उपक्रम एनएसपीसीएल के निदेशक तेजवीर सिंह,बीएचईएल के कार्यपालक निदेशक संजय गुलाटी एवं कार्यपालक निदेशक पी नागमनिकम ने दीप प्रज्वलित कर किया। अपने सम्बोधन में तेजवीर सिंह ने विभिन्न पवार प्लांट्स में आ रही तकनीकी खामियों को दूर करने में बीएचईएल के प्रयासों की सराहना की।

## पिथौरागढ़ उपचुनावः कांग्रेस ने हार स्वीकारी

### सहानुभूति की लहर पर सवार होकर जीती बीजेपीः प्रीतम सिंह

**संवाददाता**

देहारदून। पिथौरागढ़ विधानसभा उपचुनाव के परिणाम घोषित हो चुका हैं। पिथौरागढ़ में एक बार फिर बीजेपी ने अपना परचम लहराया है। यहां बीजेपी प्रत्याशी और प्रकाश पंत की पत्नी चंद्रा पंत जीती हैं। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी अंजु लुंठी की हार हुई है।

अंजु लुंठी की हार पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने कहा कि वे हार स्वीकार करते हैं, लेकिन उन्हें उम्मीद है कि 2022 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ये सीट जीतेगी। प्रीतम सिंह ने कहा कि पिथौरागढ़ उपचुनाव में कांग्रेस मजबूती के साथ चुनाव लड़ी थी। इस चुनाव में भले ही उनकी हार हुई है, लेकिन जो परिणाम आए हैं उससे एक बात तो साफ है कि जनता ने सरकार को आईना दिखाया है।

प्रीतम सिंह ने कहा कि कांग्रेस ने चुनाव मुद्दों पर लड़ा था, जबकि बीजेपी ने सहानुभूति की लहर पर सवार होकर इस चुनाव को जीता है। आज भी वहां के विकास की बात जस की तस है।

पेयजल योजना, नर्सिंग कॉलेज, बेस अस्पताल, स्पोर्ट्स कॉलेज जैसे तमाम विकास कार्य जो कांग्रेस ने प्रारंभ किए थे, वे कार्य आज तक पूरे नहीं हुए हैं। कांग्रेस वहां की जनता के जनादेश को स्वीकार करती है. लेकिन इस चुनाव में उन्हें ये संकेत मिला है कि 2022 में कांग्रेस पिथौरागढ़ में वापसी करेगी।



प्रीतम सिंह।

## तीर्थनगरी में धड़ल्ले से हो रहा अवैध निर्माण

**संवाददाता** ऋषिकेश। तीर्थनगरी ऋषिकेश में अधिकारियों की लापरवाही के चलते बिल्डरों के हौसले बुलंद हैं। आम बाग में बहुमंजिला इमारतों सहित सभी तरह के निर्माणों पर हाईकोर्ट ने रोक लगाई थी लेकिन आदेश को दरकिनार करते हुए बिल्डर लगातार बहुमंजिला इमारतों का निर्माण कर रहे हैं।

वहीं प्रशासन इस पर किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं कर रहा है। आम बाग विस्थापित क्षेत्र में कई निर्माणाधीन बहुमंजिला इमारतों का निर्माण कार्य चल रहा है। यह इमारतें नियमों का उल्लंघन करते हुए बनाई जा रही हैं। जोकि भविष्य में वहां रहने वाले विस्थापित क्षेत्र के लोगों के लिए खतरा बन सकती हैं। बहुमंजिला इमारतों से परेशान होकर विस्थापित जन कल्याण समिति ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की थी। हाईकोर्ट ने याचिका पर सुनवाई करते हुए आम बाग क्षेत्र में हो रहे अवैध निर्माणों पर रोक लगाई थी। इस मामले में उप जिलाधिकारी प्रेमलाल ने अपने जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ लिया है। उनका कहना है कि आमबाग मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण के दायरे में आ गया है।